देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 280 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**दुनिया ने राहत की सांस ली




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 18 दिसंबर 2019




मौसम अधिकतम 19.0° न्यूनतम 7.0° | 41352.17

2 दुनियाभर में 49 पत्रकारों की हुई हत्या | 7 बुमराह ने पुराने ऐक्शन में बोलिंग की

# हिम्मत है तो पाक के नागरिक को नागरिकता दें

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कांग्रेस को चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। नागरिकता कानून को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया है। झारखंड के बरहेट में चुनावी जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस सहित उन तमाम दलों को इस वीरों की धरती से आज चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो वे खुलकर घोषणा करें कि वे पाकिस्तान के हर नागरिक को भारत की नागरिकता देने के लिए तैयार हैं। देश उनका हिसाब चुकता करेगा। कांग्रेस में हिम्मत है तो वे ये भी घोषणा करें कि वे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फिर से आर्टिकल 370 लागू करेंगे। कांग्रेस में या उसके साथियों में हिम्मत है तो वे ये घोषणा करें कि तीन तलाक के खिलाफ जो कानून बना है, उसको वे रद्द कर देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस और उसके साथी इस मुद्दे पर मुसलमानों को भड़काने का, डराने का, भयभीत करने का प्रयास करके अपनी राजनीतिक खिचड़ी पकाना चाहते हैं। कांग्रेस की बांटो और राज करो, इसी नीति के चलते देश का एक बार बंटवारा हो चुका है। मां भारती के टुकड़े पहले हो चुके हैं। यही कांग्रेस है जिसने अवैध तरीके से लाखों घुसपैठियों को भारत में घुसने दिया। यहां उनको वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल किया।

### मुसलमानों को डरा रही है कांग्रेस

झारखंड में मोदी ने कहा, घुसपैठियों के कारण जो समस्याएं पैदा हुई हैं उसके लिए भी कांग्रेस और उसके साथी दल, जो इतने सालों तक सत्ता भोगते रहे वही जिम्मेदार हैं। उन्होंने नागरिकता कानून को लेकर कहा कि कांग्रेस और उसके साथी देश में झूठ फैला रहे हैं। कांग्रेस तो मुसलमानों को डरा रही है। रही बात नागरिकता कानून की तो देश के एक भी नागरिक पर इसका असर नहीं पड़ेगा। यह कानून भारत में आने वाले लोगों के लिए है।

# पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ को सजा ऐ मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को राजद्रोह के मामले में मौत की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान की विशेष अदालत ने पूर्व सैन्य शासक को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ मामले की सुनवाई पेशावर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ के नेतृत्व वाली विशेष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने की है।

### 28 नवंबर को फैसला सुनाने पर लगी थी रोक

इससे पहले तीन जजों की बेंच ने बयान जारी कर कहा था कि देशद्रोह मामले में 17 दिसंबर को फैसला सुनाया जाएगा। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने दुबई में रह रहे मुशर्रफ और पाकिस्तान सरकार की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए विशेष अदालत को 28 नवंबर को फैसला सुनाने से रोक दिया था।

### मुशर्रफ पर आपातकाल लगाने के लिए देशद्रोह साबित

मुशर्रफ पर तीन नवंबर 2007 को आपातकाल लगाने के लिए देशद्रोह का मामला चल रहा है। पाक की पूर्व मुस्लिम लीग नवाज सरकार ने यह मामला दर्ज कराया था और 2013 से यह लंबित चल रहा था। दिसंबर 2013 में उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज हुआ। इसके बाद 31 मार्च 2014 को मुशर्रफ आरोपी करार दिए गए और उसी साल सितंबर में अभियोजन ने सारे साक्ष्य विशेष अदालत के सामने रखे।

### विशेष अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

पिछले सप्ताह विशेष अदालत ने 76 वर्षीय मुशर्रफ को देशद्रोह मामले में पांच दिसंबर को बयान रेकॉर्ड कराने के लिए कहा था। उसके बाद दुबई में रह रहे मुशर्रफ ने समर्थकों के लिए संदेश जारी करते हुए कहा था कि वह काफी बीमार हैं और देश आकर बयान नहीं दर्ज कर सकते। पाकिस्तानी मीडिया की खबरों में बताया गया था कि मुशर्रफ एक दुर्लभ किस्म की बीमारी अमिलॉइडोसिस से पीड़ित हैं। इस बीमारी के कारण बची हुई प्रोटीन शरीर के अंगों में जमा होने लगती है। फिलहाल मुशर्रफ इलाज करा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोनिवि के ईई के घर विजिलेंस की छापेमारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
देहरादून। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के घर से विजिलेंस की छापेमारी में करीब दो करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति का पता चला है। इसमें 21 तोला सोना, 6.38 लाख नकद, बैंक खातों में जमा 6.52 लाख रुपये के अलावा 90 लाख रुपये कीमत का आलीशान फ्लैट और 25 से 30 लाख रुपये की ज्वैलरी की रसीदें शामिल हैं। डीआइजी विजिलेंस कृष्ण कुमार वीके ने बताया कि जल्द ही नोटिस देकर ईई को बयान के लिए बुलाया जाएगा। ऋषिकेश में तैनात अधिशासी अभियंता प्रवीण बहुखंडी करीब छह महीने पहले विजिलेंस की राडार पर आए थे।

### दोषी कुलदीप सेंगर की सजा पर फैसला टला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की तीसहजारी कोर्ट ने 2017 के उन्नाव रेप केस में दोषी करार दिए कुलदीप सेंगर की सजा पर फैसले को टाल दिया है। अब 20 दिसंबर को सजा पर फिर बहस होगी। कोर्ट ने बीजेपी के पूर्व विधायक सेंगर द्वारा 2017 के विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल हलफनामे की प्रति भी मांगी है।

### लोगों को बहका रहा विपक्षः गृहमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली।नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देश के कई इलाकों में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच होम मिनिस्टर अमित शाह ने विपक्षी दलों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरा विपक्ष ही लोगों के बीच भ्रम फैलाने में जुटा है। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से समझाने की कोशिश की है कि नागरिकता कानून का मतलब अल्पसंख्यक वर्ग के किसी भी व्यक्ति से सिटिजनशिप वापस लेना नहीं है।

# हिंसा के बाद हालात काबू में

## सीलमपुर में हिंसक प्रदर्शन में डीसीपी घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन दक्षिण दिल्ली के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पूर्वी दिल्ली में भी प्रदर्शन शुरू हो गया। फिलहाल यह विरोध मार्च दरियागंज के बाद दिल्ली गेट पर पुलिस ने रोक दिया है। यह मार्च आइटीओ पहुंचने की कोशिश में है, लेकिन पुलिस ने मार्च को वहीं पर रोका हुआ है। भारी भीड़ के चलते पुलिस भी मुस्तैद है। वहीं, पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में बवाल को लेकर दिल्ली पुलिस के पीआरओ एमएस रंधावा का बयान आया है कि यहां पर हालात काबू में हैं। हम पूरे हालात के मद्देनजर नजर रख रहे हैं। हमने हालात को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज निकालने का फैसला लिया है। वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

वहीं, कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लगातार अश्रु गैस के गोले दागे जा रहे हैं, जबकि पूर्वी दिल्ली के कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों के हिंसक प्रदर्शन के चलते पुलिस को पीछे हटना पड़ा है। इस दौरान मौके पर पहुंचे शाहदरा डीसीपी अमित शर्मा के सिर में पत्थर लगा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद के नेतृत्व में जाफराबाद से शुरू हुई नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे। इसके चलते सीलमपुर में कई सड़कों पर जाम लग गया। इससे पहले सीलमपुर में प्रदर्शन के दौरान पथराव हुआ है। इस पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने भी पथराव किया।



### सीलमपुर में हिंसक हुई भीड़, कई वाहनों में तोड़फोड़

मंगलवार को दोपहर बाद पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में प्रदर्शन के दौरान भीड़ हिंसक हो गई। प्रदर्शन के शामिल लोगों ने बसों में तोड़फोड़ भी की। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई के दौरान प्रदर्शनकारियों को जाफराबाद रोड पर रोक दिया है।

**दरियागंज में दुकानें बंद, पुलिस ने शुरू की पैट्रोलिंग**
वहीं, अब यह विरोध मार्च दिल्ली के दरियागंज इलाके से होता हुआ दिल्ली गेट तक पहुंच गया है। लोगों ने किसी संभावित बवाल के मद्देनजर अपनी दुकानों को बंद कर दिया है।

### प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने भड़काऊ बातें लिखे हुए पर्चे बांटे

शाहीन बाग के हाईटेंशन लाइन मुख्य बाजार में प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने धर्म विशेष से जोड़कर छपवाए गए भड़काऊ बातें लिखे हुए पर्चे बांटे। इन पर्चें में कुरान की आयतों को आधार बनाकर लोगों को उकसाने की कोशिश की जा रही थी। ये पर्चे हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू, तीनों भाषाओं में थे। साथ ही पर्चें की फोटो खींचकर उन्हें विभिन्न सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जा रहा था।
महिलाओं ने हाईटेंशन लाइन मार्केट से मेन रोड तक जुलूस भी निकाला। प्रदर्शनकारी लोगों से चंदा देने की अपील भी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय लोगों ने बिरयानी और केले बांटे।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# लोकतंत्र का हनन कर रही सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता कानून के खिलाफ 14 विपक्षी दलों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार इस ऐक्ट को लागू करने के लिए आम लोगों और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, जो सफल नहीं होगी।

सोनिया गांधी ने कहा कि हमने राजधानी समेत देश भर में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के चलते पैदा हुई स्थिति में राष्ट्रपति से दखल की अपील की। इन विरोध प्रदर्शनों के और बढ़ने की आशंका है। सोनिया गांधी ने कहा, पुलिस ने जिस तरह से छात्राओं की पिटाई की वह निंदनीय है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### सोनिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति से मिले विपक्षी नेता

टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि हमने राष्ट्रपति इस बिल को वापस लेने की अपील की है।